राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# कोटा विश्वविद्यालय में कुलगुरु नियुक्त

## राज्यपाल श्री बागडे ने जारी किए नियुक्ति आदेश

जयपुर, 5 जून। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत को कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है। श्री बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है।

श्री बागडे ने कुलगुरु पद पर यह नियुक्ति प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

-----